# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

## –: प्रेस–नोट :–

**दिनांक : 05.10.2021**

आयोग द्वारा प्रधानाध्यापक, प्रवेशिका विद्यालय (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा, 2021 का आयोजन दिनांक 11.10.2021 को प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक एवं दोपहर 02:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक अजमेर जिला मुख्यालय पर किया जा रहा है।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध Admit Card लिंक पर जाकर आवेदन–पत्र क्रमांक (Application No.) व जन्म दिनांक से डाउनलोड कर लेवें। अभ्यर्थी https://sso.rajasthan.gov.in पर लॉगिन कर **Citizen Apps (G2C) में उपलब्ध Recruitment portal लिंक** का चयन कर भी संबंधित परीक्षा का प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते है। अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर एक फोटो एवं मूल फोटोयुक्त पहचान–पत्र अवश्य लेकर परीक्षा समय से 01 घण्टा पूर्व उपस्थित होवें। मूल फोटोयुक्त पहचान–पत्र के अभाव में अभ्यर्थी को केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जावेगा। अभ्यर्थी परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ जारी आवश्यक अनुदेशों का अवलोकन कर लेवें।

परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा कोरोना (COVID-19) के संबंध में जारी गाईडलाईन की पूर्णतः पालना करें एवं परीक्षा केन्द्र पर मास्क लगाकर उपस्थित होवें।

**(नीतू यादव)**
**संयुक्त सचिव**

---